टीएमसी के कुशासन का होगा खात्मा

कोलकाता के संवाददाता सम्मेलन में अमित शाह बोले- बीजेपी दो तिहाई से बनाएगी सरकार

कोलकाता/नई दिल्ली, 30 दिसंबर. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में जनता तृणमूल कांग्रेस सरकार के कुशासन से त्रस्त है और बदलाव चाहती है, राज्य के आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को दो तिहाई बहुमत से जीत मिलेगी.

राज्य के दौरे पर आये अमित शाह ने कोलकाता में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ममता बनर्जी के 14 साल के कुशासन से त्रस्त और तंग आकर खात्मा का मन बना चुकी है. उन्होंने कानून व्यवस्था, महिला सुरक्षा, उद्यमों के राज्य से बाहर भागने, प्रति व्यक्ति आय में कमी समेत तमाम मुद्दों पर

ममता सरकार को घेरा. शाह ने विश्वास जताया आगामी चुनाव में जनता भय, भ्रष्टाचार और घुसपैठ को बढ़ावा देने वाली तृणमूल कांग्रेस को दरकिनार कर विकास, वरासत और गरीब कल्याण के लिये एक मजबूत सरकार बनाने का संकल्प ले चुकी है.

जीत का दावा

राज्य में 34 वर्षों तक राज करने वाला कम्युनिस्ट गठबंधन को एक भी सीट नहीं मिली है और हमारी पार्टी विपक्ष की भूमिका में है. श्री शाह ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा ने 39 प्रतिशत वोट प्राप्त किए और 12 सीटें प्राप्त कीं. उन्होंने दावा किया कि 2026 में हम निश्चित रूप से प्रचंड बहुमत के साथ बंगाल में भाजपा की सरकार बनाने वाले है. श्री शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल की सीमा से हो रही घुसपैठ सिर्फ बंगाल का नहीं यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है.

चुनाव से पहले जनसंपर्क अभियानों पर फोकस

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी रणनीतिक तैयारियों को धार देना शुरू कर दिया है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार रात कोलकाता पहुंचे और दमदम हवाई अड्डे से सीधे भाजपा के सॉल्ट लेक स्थित राज्य कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने करीब एक घंटे तक चली बंद कमरे की बैठक की अध्यक्षता की. इस बैठक में राज्य भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ बंगाल के प्रभारी केंद्रीय नेता भी मौजूद रहे. हालांकि बैठक पूरी तरह गोपनीय रही, लेकिन पार्टी सूत्रों के अनुसार इसका मुख्य उद्देश्य चुनावी रणनीति को और मजबूत करना था. अमित शाह ने संगठन की मौजूदा स्थिति, जनाधार और आगामी अभियानों की प्रगति को लेकर विस्तार से जानकारी ली. उन्होंने विशेष रूप से प्रस्तावित रोड शो, जनसभाओं और राज्यव्यापी रथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की. सूत्रों का कहना है कि गृह मंत्री ने सदस्यता अभियान, मंडल स्तर की पदयात्राओं और बूथ प्रबंधन पर गहन सवाल किए. उन्होंने नेताओं से यह भी पूछा कि जमीनी स्तर पर पार्टी की मौजूदगी कैसी है.

अरविंद केजरीवाल बोले-शिक्षक पढ़ाएं या सड़कों पर कुत्ते गिनेंगे

▸ शिक्षकों से कुत्ते गिनवाने के आदेश पर उठाए सवाल

नई दिल्ली, 30 दिसंबर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा सरकार पर दिल्ली के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को लेकर तीखा हमला बोला है.

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए सवाल उठाया कि दिल्ली में सरकारी स्कूलों के शिक्षक बच्चों को पढ़ाएंगे या फिर सड़कों पर कुत्ते गिनेंगे केजरीवाल ने कहा भाजपा सरकार का यह आदेश उसकी सोच और प्राथमिकताओं को बेनकाब

करता है. उनके मुताबिक भाजपा के लिए शिक्षा कोई मुद्दा ही नहीं है और शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कामों में उनका अपमान किया जा रहा है, जिससे स्कूल व्यवस्था बर्बाद हो रही है. उन्होंने दावा किया आप की सरकार थी, तब शिक्षकों को सम्मान दिया गया.

चीन कर रहा है ताइवान पर हमले की तैयारी : अमेरिकी सीनेटर

ताइपे/नई दिल्ली. अमेरिकी सीनेटर रोजर विकर ने चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि चीन ने ताइवान पर हमला करने की तैयारी तेज कर दी है. उन्होंने कहा कि चीन की तैयारी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की नाकाबंदी करने की क्षमता दिखाने और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी को ताइपे पर दबाव बनाने की अनुमति देने के लिए डिजाइन की गई है. श्री रोजर ने कहा, ताइवान पर हमले के लिए चीन के अभ्यास लगातार तेज हो रहे हैं. ये कम समय के नोटिस पर होने वाले अभ्यास पीएलए की ताइवान की नाकाबंदी लागू करने की क्षमता दिखाने और कम्युनिस्ट चीनी पार्टी को ताइपे पर दबाव बनाने की अनुमति देने के लिए डिजाइन किए हैं.

घर में कैद रिटायर्ड रेलकर्मी की भूख से मौत

कमजोर मिली मेंटली चैलेंज्ड बेटी, नौकर दंपती ने रखा था बंद

महोबा, 30 दिसंबर. जिले में एक रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी और उनकी मेंटली चैलेंज्ड बेटी को पांच साल तक घर में कैद रखा गया.

इस अमानवीयता के कारण कर्मचारी की मौत हो गई. जबकि उनकी बेटी की हालत ऐसी हो गई कि उनका शरीर सिर्फ हड्डियों का ढांचा बनकर रह गया. ये मामला सोमवार को उस वक्त सामने आया, जब परिवार को ओमप्रकाश की मौत की सूचना मिली. जब रिश्तेदार घर पहुंचे तो जो नजारा देखा, वो स्तब्ध कर देने वाला था. ओमप्रकाश का शरीर बेहद कमजोर दिख रहा था. रश्मि को एक अंधेरे कमरे में संदिग्ध अवस्था में पाया गया, वो बेहोशी

की हालत में थी. परिवार वाले ओमप्रकाश को तुरंत अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. फिलहाल परिवार रश्मि की देखभाल कर रहा है. रिश्तेदारों ने दोषी नौकर दंपति के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है.

पीड़ित ओमप्रकाश सिंह राठौर (उम्र 70) रेलवे में सीनियर क्लर्क के पद से रिटायर हुए थे. 2016 में पत्नी की मृत्यु के बाद, ओमप्रकाश अपनी 27 वर्षीय मानसिक रूप से अक्षम बेटी रश्मि के साथ अलग घर में रहने लगे. घर के कामकाज संभालने में मदद के लिए परिवार ने रामप्रकाश कुशवाहा और उनकी पत्नी रामदेवी को देखभाल करने के लिए रख लिया. ओमप्रकाश के भाई अमर सिंह ने बताया कि रामप्रकाश और रामदेवी ने धीरे-धीरे उनके घर पर पूरी तरह नियंत्रण कर लिया.

'अर्जेंट कॉल' पर दिल्ली छोड़ ढाका पहुंचे बांग्लादेश के हाई कमिश्नर

नई दिल्ली, 30 दिसंबर. भारत-बांग्लादेश के संबंध नाजुक और तनावपूर्ण बने हुए हैं. इस बीच भारत में बांग्लादेश के हाई कमिश्नर रियाज हमीदुल्लाह को एक 'अर्जेंट कॉल' आया और वह रातोंरात बांग्लादेश वापस चले गए.

भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों में हाल की स्थिति को देखते हुए नई दिल्ली में बांग्लादेश के हाई कमिश्नर एम रियाज हमीदुल्लाह को अर्जेंट बेसिस पर ढाका बुलाया गया. विदेश मंत्रालय के सूत्र ने नाम न बताने की शर्त पर इस अखबार को बताया कि हमीदुल्लाह सोमवार रात को बुलावे पर ढाका पहुंच गए हैं.बता दें कि भारत और बांग्लादेश

के बीच हाल में रिश्ते तनावपूर्ण रहे हैं. कूटनीतिक टकराव का ये सिलसिला 2024 में शेख हसीना की सत्ता से बेदखली से ही शुरू हुआ है. हाल ही बांग्लादेश में हिन्दू युवक दीपू दास को जलाकर मार दिया था. इसके बाद दोनों देशों के संबंध काफी तनावपूर्ण हो गए थे. वहीं बांग्लादेश में छात्र आंदोलन के नेता उस्मान हादी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी.

राष्ट्रपति मुर्मू से सीएम हेमंत सोरेन की मुलाकात

कार्तिक जतरा 2025 में शामिल होंगी राष्ट्रपति

रांची, 30 दिसंबर. झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने मंगलवार सुबह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से रांची स्थित लोकभवन (राजभवन) में मुलाकात की.

यह मुलाकात शिष्टाचार भेंट के रूप में हुई, जिसमें सौहार्दपूर्ण वातावरण में औपचारिक बातचीत की गई. राष्ट्रपति के झारखंड प्रवास के दौरान इस भेंट को राज्य के राजनीतिक और प्रशासनिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है. सूत्रों के अनुसार, मुलाकात के दौरान राज्य से जुड़े विभिन्न

समसामयिक विषयों पर सामान्य चर्चा हुई. हालांकि आधिकारिक रूप से इसे शिष्टाचार भेंट बताया गया है और किसी विशेष मुद्दे पर विस्तृत बातचीत की जानकारी साझा नहीं की गई है.

सीएम हेमंत सोरेन के साथ विधायक कल्पना सोरेन भी अवसर पर मौजूद रहीं. राष्ट्रपति से उनकी भेंट औपचारिक होने के साथ-साथ सम्मान व अभिवादन का प्रतीक रही. लोकभवन में हुई मुलाकात के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अगले कार्यक्रम के लिए गुमला जिले के लिए रवाना हो गईं. गुमला जिले के रायडीह प्रखंड में राष्ट्रपति एक अंतरराज्यीय जनसांस्कृतिक समागम 'कार्तिक जतरा' में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगी. कार्यक्रम क्षेत्रीय संस्कृति, लोककला व जनपरंपराओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है.

बीएमसी चुनाव में भाजपा 137 और शिवसेना 90 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

मुंबई, 30 दिसंबर. भाजपा और शिवसेना ने बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनावों के लिए सीट बंटवारे के फार्मूले को अंतिम रूप दे दिया है.

समझौते के अनुसार, बीएमसी के 227 वार्डों में से भाजपा 137 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि शिवसेना 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी. दोनों पार्टियां अपने-अपने कोटे से सहयोगियों को भी सीटें आवंटित करेंगी. यह निर्णय सोमवार रात उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के आधिकारिक निवास नंदनवन बंगले में आयोजित एक संयुक्त बैठक के दौरान लिया गया. समझौते की घोषणा मंगलवार को भाजपा मुंबई इकाई अध्यक्ष अमित साटम और शिवसेना नेता और पूर्व सांसद राहुल शेवाले ने एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में की. श्री साटम ने दावा किया कि मुंबई की पहचान बदलने की कोशिश करने वाली ताकतों को हराया जाएगा और विकास के साथ-साथ शहर की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी. श्री शेवाले ने कहा कि यह समझौता सकारात्मक माहौल में तय हुआ है और दोनों पार्टियां बीएमसी में %भगवा शासन% स्थापित करने के लिए सामूहिक रूप से लड़ेंगी. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी इस समझौते की पुष्टि की और कहा कि गठबंधन के अन्य भागीदारों को भी इसी व्यवस्था के भीतर समायोजित किया जाएगा.

युवाओं में वैज्ञानिक सोच विकसित करना लक्ष्य

सीएम नीतीश ने विज्ञान सिटी को बताया अनूठा और आधुनिक

पटना, 30 दिसंबर.बिहार में विज्ञान और नवाचार को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम साइंस सिटी का निर्माण विशेष रूप से युवा वर्ग के बीच विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है.

पटना के राजेन्द्र नगर में निर्मित यह साइंस सिटी आधुनिक तकनीक, रोचक वैज्ञानिक प्रदर्शों और नवाचार आधारित अवधारणाओं का संगम है. मुख्यमंत्री ने मंगलवार को 21

एकड़ में फैली इस नवनिर्मित साइंस सिटी का निरीक्षण किया और यहां उपलब्ध विभिन्न गैलरियों, वैज्ञानिक प्रदर्शों तथा सुविधाओं का सूक्ष्मता से अवलोकन किया. इस दौरान उन्होंने बच्चों से संवाद किया और विज्ञान के प्रति उनकी जिज्ञासा और उत्साह की सराहना की. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि युवा वर्ग के बीच विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम साइंस सिटी का निर्माण किया गया है. मुख्यमंत्री ने पटना के राजेंद्र नगर में 21 एकड़ भूमि पर निर्मित इस अत्याधुनिक साइंस सिटी के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया और यहां की सुविधाओं की सराहना की.

मुख्यमंत्री ने पूरे परिसर का भ्रमण किया और विज्ञान आधारित विभिन्न गैलरियों तथा वैज्ञानिक प्रदर्शों को ध्यानपूर्वक देखा. उन्होंने वहां मौजूद बच्चों से मुलाकात की, उनसे बातचीत की और विज्ञान के प्रति उनकी रुचि को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की. मुख्यमंत्री ने कहा कि यह साइंस सिटी विशिष्ट और नवाचारी विचारों के साथ विकसित की गई है, जो सभी आयु वर्ग के लोगों को आकर्षित करने में सक्षम है.

सेना और नौसेना को भारी तारपीड़ो मिलेंगे

नई दिल्ली 30 दिसंबर. रक्षा मंत्रालय ने सेना के लिए क्लोज क्वार्टर बैटल (सी क्यू बी) कार्बाइन और नौसेना के लिए हेवी वेट तारपीडो की खरीद के 4,666 करोड़ रुपये के अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं. रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में इन अनुबंधों पर हस्ताक्षर किये गये. सेना और नौसेना के लिए सहायक उपकरणों के साथ लगभग 4 लाख 25 हजार सीक्यूबी कार्बाइन खरीदी जाएंगी और इसके लिए भारत फोर्ज लिमिटेड और पीएलआर सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ 2,770



करोड़ रुपये का अनुबंध किया गया है. सी क्यू बी स्वदेशी, हल्की और कॉम्पैक्ट बंदूक है जिसे खास तौर पर नजदीकी लड़ाई और आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए डिजाइन किया. यह उपलब्धि आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के तहत पुरानी हथियार प्रणालियों को अत्याधुनिक स्वदेशी तकनीक में बदलते हुए सैनिकों को विश्वस्तरीय मारक क्षमता से लैस करने के असाधारण व प्रयासों की परिणति है.

नाम परिवर्तन सूचना

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम-नवीन चौहान पिता ओमप्रकाश चौहान,पता-म.नं.141 वार्ड 07सुतार मोहल्ला,गरोठ तहसील गरोठ जिला मंदसौर (म.प्र.) है। मैने अपना नाम परिवर्तन कर अब नया नाम-नवीन कुमार कर लिया है। अत: मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

नवीन चौहान

पता-म.नं.141 वार्ड 07
सुतार मोहल्ला,गरोठ जिला-मंदसौर (म.प्र.)

एक नजर में

लोगों के लिए 'ध्रुव-एनजी' की सौगात

बेंगलुरु, 30 दिसंबर. केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने मंगलवार को बेंगलुरु स्थित हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) में अगली पीढ़ी के नागरिक हेलिकॉप्टर ध्रुवका उद्घाटन किया. इस अवसर पर एचएएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. डीके सुनील भी मौजूद थे. नायडू ने उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर, ध्रुव-एनजी की पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो स्वदेशी हेलीकॉप्टर का एक नागरिक संस्करण है, जिसे एचएएल ने 2025 एयरो इंडिया शो में प्रदर्शित किया था. 'ध्रुव-एनजी' हेलीकॉप्टर से आम नागरिक उड़ान भर सकेंगे. इसी के साथ मेडिकल इमरजेंसी, पर्यटन और आपदाओं में इसका इस्तेमाल किया जाएगा.

रेहान वाड्रा-अवीवा बेग की सगाई की चर्चा

नई दिल्ली, 30 दिसंबर. कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी और बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा के बेटे रेहान वाड्रा एक बार फिर चर्चा में हैं. इस बार वजह उनकी निजी ज़िंदगी है. मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि रेहान की लंबे समय से गर्लफ्रेंड रहीं अवीवा बेग से सगाई हो गई है. हालांकि इस खबर को लेकर अब तक गांधी या वाड्रा परिवार की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है. रेहान वाड्रा और अवीवा बेग की सगाई को लेकर राजनीतिक और सामाजिक हलकों में चर्चाएं तेज़ हो गई हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों पिछले सात वर्षों से रिलेशनशिप में हैं और हाल ही में परिवार के बेहद करीबी लोगों की मौजूदगी में सगाई समारोह आयोजित किया गया. हालांकि, यह भी साफ किया गया है कि इस खबर की आधिकारिक पुष्टि अब तक नहीं हुई है और इसे लेकर परिवार की ओर से कोई बयान सामने नहीं आया है.

नए साल से पहले बारिश बढ़ाएगी ठिठुरन

लखनऊ, 30 दिसंबर. भीषण ठंड और घने कोहरे की चपेट में आये उत्तर प्रदेश में नए साल से बारिश के आसार जताये गये हैं जिससे ठंड और अधिक बढ़ने की आशंका है. लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर समेत प्रदेश के 37 शहर घने कोहरे और ठंड की चपेट में हैं. मंगलवार को कई इलाकों में दृश्यता का स्तर घटकर मात्र 20 मीटर तक रह गया, जिससे सड़कों पर चलना बेहद जोखिम भरा हो गया है. कोहरे के चलते रेल और हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है. लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज समेत विभिन्न स्टेशनों से गुजरने वाली 100 से अधिक ट्रेनें 2 से 15 घंटे की देरी से चल रही हैं.

आज का इतिहास

1492 इटली के सिसली क्षेत्र से 100,000 यहूदियों को निकाला गया।

1600 ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना हुई।

1781 अमेरिका में पहला बैंक 'बैंक ऑफ नॉर्थ अमेरिका' में खुला।

1802 पेशवा बाजी राव द्वितीय ब्रिटिश संरक्षण में आए।

1857 क्वीन विक्टोरिया ने ओटावा को कनाडा की राजधानी घोषित किया।

1861 असम के चेरापूँजी में 22990 मिमि बारिश हुई जो विश्व में किसी भी स्थल पर होने वाली सर्वाधिक बारिश

1866 कृष्ण बल्लभ सहाय का जन्म। वह बिहार के मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी थे।

1929- लाहौर में आधी रात को महात्मा गांधी ने कांग्रेस के साथ 'पूर्ण स्वराज' का संकल्प लिया।

1943- हॉलीवुड अभिनेता बेन किंग्सले का जन्म।

कब्जा नोटिस

जबकि, **जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13 (2) के साथ नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकताओं को **मांग नोटिस** जारी किए हैं, जिसमें उधारकताओं से आह्वान किया गया है कि वे नोटिस की प्राप्ति की तिथि से **60 दिनों** के भीतर संबंधित नामों के समक्ष उल्लिखित राशि को ब्याज सहित उक्त नोटिस में उल्लिखित लागू दरों पर चुकाएं, साथ ही भुगतान और/या वसूली की तिथि तक लागू आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि के रूप में भविष्य में होने वाले ब्याज का भी भुगतान करें।

क्र. सं.	ऋण संख्या	उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/ गारंटर/बंधककर्ता	13(2) नोटिस दिनांक/ बकाया राशि (रुपये में)	दिनांक/समय और कब्जे का प्रकार
1	45589440000762 और 45589410000473	1) श्री बाबू सिंह, पुत्र अर्जुन सिंह, 2) श्री कृष्णपाल, पुत्र बाबू सिंह, 3) श्रीमती सुरेश कुंवर, पत्नी बाबू सिंह	01.10.2025, रू. 7,17,650.75/- (सात लाख सत्रह हजार छह सौ पचास और पिच्हत्तर पैसे मात्र) 17.09.2025 तक	दिनांकः 26.12.2025 समयः सुबह 10:10 बजे प्रतीकात्मक अधिकार

सुरक्षित संपत्ति का विवरण: मकान/प्लॉट संख्या 94 वाली वह पूरी जमीन, जिसका क्षेत्रफल 1200 वर्ग फुट (111.52 वर्ग मीटर) है, और उस पर बने निर्माण सहित, सर्वे संख्या 206/2 का हिस्सा है, जो ग्राम कंथरखेड़ी, पी.एच. संख्या 01 में स्थित है, ग्राम पंचायत गोथाड़ा, जनपद पंचायत, तहसील खाचरोद और जिला उज्जैन (मध्य प्रदेश) की सीमा के भीतर आती है। इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में दिग्विजय सिंह का मकान, पश्चिम में सार्वजनिक सड़क, उत्तर में पप्पू सिंह का मकान और दक्षिण में चंदर सिंह का मकान।

जबकि ऊपर उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता देय राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित उधारकताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि जन लघु वित्त बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपरोक्त वर्णित संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ उपरोक्त उल्लिखित तिथियों पर अपने कब्जे में ले लिया है। विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता और आम जनता को एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे उपरोक्त संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों से लेन-देन न करें और उक्त संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों से कोई भी लेन-देन **जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड** के प्रभार के अधीन होगा।

स्थानः इन्दौर
दिनांकः 31.12.2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के लिए

JANA SMALL FINANCE BANK (A Scheduled Commercial Bank)

पंजीकृत कार्यालयः द फेयरवे, भूतल एवं प्रथम तल, सर्वेक्षण क्रमांक 10/1, 11/2 एवं 12/2बी, डोम्लुर के पास, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के बगल में, चल्लाघट्टा, बेंगलुरु-560071। शाखा कार्यालयः प्लॉट क्रमांक 306-ए, पीयू 4, स्कीम संख्या 54, कंट्री इन होटल के पास, मेन ए.बी. रोड, विजय नगर, इंदौर-452010।

TATA

टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : 11 वीं मंजिल, टॉवर ए, पेनीनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग लोवर परेल, मुम्बई-400013. शाखा कार्यालय : टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस, तीसरी मंजिल, यूनिट 301, एनआरके टेक पार्क, प्लॉट नंबर 94, रिंग रोड, रेडिसन स्क्वायर के पास, इंदौर, मध्य प्रदेश 452010

अचल संपत्ति की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

(सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के तहत)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु 30 दिवसीय ई-नीलामी सूचना

एतद् द्वारा सर्व सामान्य और विशेषकर अधोलिखित कर्जदार और/सह-कर्जदार या उनके कानूनी उत्तराधिकारियों/प्रतिनिधियों (कर्जदारों) को सूचित किया जाता है कि टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लि. (टीसीएचएफएल), को बंधक अधोलिखित अचल संपत्ति जिसका टीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा लिया गया, अधोलिखित कर्जदार और सह-कर्जदार से कुल बकाया राशि की वसूली के लिए **'जो है जहाँ है' और 'जहाँ है, जैसा भी है' और 'जो भी हैं'** आधार पर दिनांक **04-02-2026** को बिक्री की जायेंगी। आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि जमा निम्न वर्णित हैं। एतद्वारा सूचित किया जाता है कि बिक्री के किसी स्थगन / बाधा के अभाव में उक्त संपत्ति ई-नीलामी के माध्यम से दिनांक **04-02-2026** को दोपहर **2:00** बजे बिक्री की जायेगी। संपत्ति खरीद के लिए मुहरबंद ई-नीलामी हेतु ईएमडी राशि का डिमांड डाफ्ट टीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा दिनांक **03-02-2026** को समय सायं 5.00 बजे तक शाखा कार्यालय : **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड,** तीसरी मंजिल, यूनिट 301, एनआरके टेक पार्क, प्लॉट नंबर 94, रिंग रोड, रेडिसन स्क्वायर के पास, इंदौर, मध्य प्रदेश 452010 पर जमा किया जाना चाहिए।

प्रत्याभूत संपत्ति/अचल संपत्ति की बिक्री 'जैसी है जहाँ है शर्त' निम्न अनुसूची में उल्लिखित संक्षेप विवरणों के अनुसार होगी।

क्र	ऋण खाता क्र.	ऋणी(यों)/सह-ऋणी(यों)/ कानूनी वारिस(सों)/ जमानतदा(रों) के नाम	मांग सूचना दिनांक	आरक्षित मूल्य	बकाया राशि
1	TCHIN0284000100291419 & TCHHL0284000100288908	श्रीमती मंजुलता जाटव श्रीमती सावित्री बाई जाटव	₹ 14,82,284/- आपके द्वारा अनुबंध संख्या TCHHL0284000100288908 के अंतर्गत बकाया एवं देय एवं ₹ 81,498/- आपके द्वारा अनुबंध संख्या TCHIN0284000100291419 के अंतर्गत बकाया एवं देय हैं एवं कुल राशि 15,63,782/- 05-08-2025	₹ 38,02,200/- अग्रिम जमा राशि (ईएमडी): ₹ 3,80,220/- कब्जे का प्रकार : भौतिक	₹ 86,491/- आपके द्वारा अनुबंध संख्या TCHIN0284000100291419 के अंतर्गत बकाया एवं देय हैं एवं ₹ 15,23,623/- आपके द्वारा अनुबंध संख्या TCHHL0284000100288908 के अंतर्गत बकाया एवं देय हैं एवं कुल राशि ₹ 16,10,114/- 22-12-2025

अचल संपत्ति का विवरण : प्लॉट नंबर 117, ''हाईवे स्काई सिटी'' का सर्वे नंबर 249/3, 251/1, 251/3, 251/4, 251/5, 251/6, 251/7, 251/2/1, 251/2/2, 251/2/3 पर स्थित, पटवारी हल्का नंबर पुराना 26/9 (नया 69) ग्राम गारी पिपलिया, तहसील सांवेर जिला इंदौर (म.प्र.) कुल क्षेत्रफल 90.61 वर्ग मीटर (957 वर्ग फीट) **चर्तुसीमाएँ:**- पूर्व: कॉलोनी रोड, पश्चिम: कॉलोनी की चारदीवारी, उत्तर: प्लॉट नंबर 116, दक्षिण: प्लॉट नंबर 118

नोट :- बोली लगाने वालों को सलाह दी जाती है कि बोली जमा करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें। नीलामी किसी भी मुकदमे या विवाद के नतीजे पर निर्भर होगी।

नीलामी में, आम जनता को व्यक्तिगत रूप से अपनी बोली प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। हालाँकि, इस बिक्री के संबंध में कोई भी कर्तव्य निभाने वाला कोई भी अधिकारी या अन्य व्यक्ति, बेची गई अचल संपत्ति में कोई भी हित प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप्र से बोली नहीं लगाएगा, प्राप्त नहीं करेगा या प्राप्त करने का प्रयास नहीं करेगा।

बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 में निर्धारित शर्तों और निम्नलिखित अतिरिक्त शर्तों के अधीन होगी:

कृपया ध्यान दें: ई-नीलामी पोर्टल http://bankauctions.in/ के माध्यम से दिनांक 04-02-2026 को दोपहर 2.00 बजे से 3.00 बजे के बीच प्रत्येक 5 मिनट अवधि के असीमित विस्तार के साथ होगी।

नियम और शर्ते : 1. अनुसूची में दिया विवरण अधोहस्ताक्षरी के पूर्ण ज्ञान व जानकारी में दिया गया है, किंतु इस उदघोषणा अधोहस्ताक्षरी किसी त्रुटी, गलती या चूक के लिए अधोहस्ताक्षरी जवाबदेय नहीं होगा। बोली राशि या निविदाकार संबंधी किसी विवाद की स्थिति में अचल संपत्ति को दुबारा नीलामी के लिए रखा जायेगा। 2. संपत्ति आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जायेगी। 3. बोली वृद्धि राशि: **रु.10,000/- (दस हजार मात्र)** 4. संपत्ति की खरीद के लिए सभी निविदाएँ 'टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के पक्ष में और उपरोक्त शाखाओं में देय डिमांड ड्राफ्ट के साथ जमा की जाएं। असफल निविदाकारों के डिमांड ड्राफ्ट वापस कर दिए जायेंगे। आरटीजीएस/ एनईएफटी/ आईएमपीएस के माध्यम से ईएमडी के भुगतान के लिए प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें। 5. उच्चतम बोलीकारी को संबंधित लॉट का खरीदार घोषित किया जायेगा, बशर्ते वह विधिक रूप से बोली लगाने के लिए योग्य हो और उसकी बोली राशि आरक्षित मूल्य से कम न हो। 'प्राधिकृत अधिकारी' को अपने विवेक से उच्चतम बोली को अस्वीकार करने का अधिकार होगा जब उसे लगे कि पेशकश मूल्य स्पष्टरूप से अपर्याप्त है। 6. उपलब्ध कारणों से 'प्राधिकृत अधिकारी' को अपने विवेक से बिक्री को स्थगित / रोकने का अधिकार होगा। 7. संपत्ति की निरीक्षण दिनांक **21-01-2026** को सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक किया जा सकेगा। 8. खरीददार घोषित व्यक्ति को ऐसी घोषणा के तुरंत बाद क्रय राशि की पच्चीस प्रतिशत राशि जिसमें ईएमडी राशि शामिल होगी प्राधिकृत अधिकारी के पास 24 घंटे के अंदर जमा करनी होगी, यह राशि जमा न किए जाने की स्थिति में संपत्ति नई नीलामी/निजी संधि द्वारा बिक्री के लिए रखी जायेगी। 9. उपरोक्त अनुसार प्रारंभिक राशि जमा कर दिए जाने पर क्रय राशि की शेष राशि संपत्ति की बिक्री की पुष्टि होने की तारीख से 15 दिनों तक खरीदार द्वारा 'प्राधिकृत अधिकारी को जमा करनी होगी, यदि 15वें दिन कोई रविवार या अन्य अवकाश होता है तो 15वें दिन के बाद प्रथम कार्य दिवस को जमा करनी होगी। 10. उपरोक्तानुसार भुगतान न होने पर संपत्ति नई नीलामी / निजी संधि द्वारा बिक्री के लिए रखी जायेगी। सभी जमा राशि टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पास जब्त हो जायेगी और चूककर्ता खरीदार संपत्ति पर अपने सभी दावे खो देगा। 11. टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस लि. को ज्ञात ऋणभारों जिनके लिए संपत्ति देनदार है का विवरण-कोई नहीं, दावे, यदि कोई हों, जो संपत्ति के लिए प्रस्तुत किए गए हों और इसकी प्रकृति और मूल्य से संबंधित कोई अन्य ज्ञात विवरण: उपरोक्त तालिका के अनुसार। उपरोक्त अनुसूची के विवरण अनुसार इच्छुक बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि वहां के संपत्ति कर, बिजली आदि के सांविधिक देनदारियों क्षेत्रों सहित संपत्ति पर ऋण भार के बारे में स्वयं जांच करें। **12. अन्य किसी विवरण अथवा संभावी निविदाकार को ई-नीलामी पर प्रक्रिया आनलाईन प्रशिक्षण के लिए हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता मेसर्स 4क्लोजर, ब्लॉक नं. 605 ए, छटी मंजिल मैत्रीवनम कमर्शियल कॉम्पलेक्स, अमीरपेट, हैदराबाद-500038 ईमेल आईडी: info@bankauctions.in या मनीष बंसल, ईमेल आईडी Manish.Bansal@tatacapital.com अधिकृत अधिकारी मोबाइल नंबर 8588983696 से संपर्क कर सकते हैं। कृपया अपने प्रश्न व्हाट्सएप नंबर 9999078669 पर भेजें।** 13. उच्चतम घोषित बोली राशि पर उच्चतम बोली दाता द्वारा 1% का टीडीएस लागू और देय होगा। भुगतान उच्चतम बोलीदाता द्वारा मालिक/उधारकर्ता (ओं) के पैन में जमा करना आवश्यक है और चालान की प्रति हमारी कंपनी को प्रस्तुत की जाएगी। 14. उपरोक्त विवरणों के लिए कृपया प्रदान की गई प्रत्याभूत ऋणदाता की वेबसाइट **https://surl.li/xrqdud** का संदर्भ लें। 15. कृपया इस लिंक पर भी जाएं : **https://www.tatacapital.com/property-disposal.html**

कृपया ध्यान दें: टीसीएचएफएल ने इस संपत्ति की बिक्री/नीलामी के लिए उल्लिखित नीलामी भागीदार के अलावा किसी दलाल / एजेंट को नहीं लगाया है। इच्छुक पक्षों को इस मामले में सभी प्रश्नों और जांच के लिए केवल अधोहस्ताक्षरी या अधिकृत कार्यालय से संपर्क करना चाहिए।

ह/-
(प्राधिकृत अधिकारी)
टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस लि.

स्थान : इन्दौर (म.प्र.)
दिनांक : 31-12-2025